


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 2 जून, 2026


# गुना में प्री-मानसून की हलचल तेज, तापमान में गिरावट

## जिला मुख्यालय सहित बमौरी, चांचौड़ा और आरोन में झमाझम बारिश

**नवभारत न्यूज**

**गुना। भीषण गर्मी और उमस से परेशान गुना जिले के नागरिकों के लिए राहत की बड़ी खबर है। जिले में प्री-मानसून की हलचल पूरी तरह सक्रिय हो गई है, जिससे मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। पिछले दो दिनों से समूचे जिले में धूलभरी तेज हवा और आंधी का सिलसिला जारी था, जिसने रविवार रात से करवट बदली और हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू हो गया। सोमवार को भी दिन भर आसमान में बादलों का डेरा रहा और रुक-रुक कर बौछारें गिरती रहीं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ बमौरी, चांचौड़ा और आरोन अंचल में भी प्री-मानसून की पहली बारिश ने दस्तक दे दी है, जिससे किसानों और आम जनता के चेहरे खिल उठे हैं।**

मौसम विभाग से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों के दौरान गुना शहर और आसपास के इलाकों में करीब 5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम में आई इस अचानक तब्दीली और ठंडी हवाओं का सीधा असर शहर के तापमान पर देखने को मिला है।



रविवार को जहाँ शहर का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं सोमवार को इसमें करीब 3 डिग्री की भारी गिरावट आई और यह लुढ़ककर 33.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। तापमान में आई इस कमी के कारण लोगों को दिन के समय होने वाली तीखी चुभन और उमस से खासी राहत मिली है। हालांकि, बादलों के छाए रहने के कारण रात के तापमान यानी न्यूनतम तापमान में आंशिक उछाल दर्ज किया गया है। रविवार को जहाँ न्यूनतम पारा 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था, वहीं सोमवार को यह करीब 2 डिग्री बढ़कर 25.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवा में नमी बढ़ने और बादलों की आवाजाही के कारण रात के तापमान में यह उतार-चढ़ाव स्वाभाविक है।

**20 जून तक मानसून की आमद, इस साल सामान्य से कम बारिश का अनुमान**

आमतौर पर गुना जिले और ग्वालियर-चंबल संभाग में मानसून की अधिकारिक एंट्री 20 जून के आसपास होती है। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में जो गतिविधियां चल रही हैं, वे पूरी तरह प्री-मानसून की हैं, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के कारण नमी आने से पैदा हुई हैं। आगामी तीन-चार दिनों तक जिले में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है, जिसमें दोपहर या शाम के समय तेज हवाओं के साथ बौछारें गिर सकती हैं।

हालांकि, मौसम विभाग ने इस साल के लिए जो दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी किया है, वह थोड़ा चिंताजनक है। इस साल गुना जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से थोड़ी कम बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अल-नीनो और अन्य वैश्विक मौसमी कारकों के प्रभाव के चलते मानसून की गति में कुछ बदलाव आ सकता है। बहरहाल, कम बारिश के अनुमान के बीच प्री-मानसून की इस शुरूआती हलचल ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत जरूर दे दी है और लोग इस खुशनुमा मौसम का जमकर आनंद ले रहे हैं।

### बमौरी, चांचौड़ा और आरोन में भी बदला मौसम, ग्रामीण अंचलों में ठंडी का अहसास

प्री-मानसून का यह असर केवल गुना जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिले की अन्य प्रमुख तहसीलों और ग्रामीण अंचलों में भी इसका व्यापक प्रभाव देखा गया।

**बमौरी:** बमौरी विधानसभा और आसपास के वन क्षेत्रों में रविवार देर शाम से ही तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। यहाँ तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और विद्युत लाइनों में फॉल्ट आने की भी खबरें हैं, जिससे कुछ समय के लिए बिजली गुल रही। हालांकि, बारिश के बाद ग्रामीण इलाकों में मौसम बेहद सुहाना हो गया है।

**चांचौड़ा:** चांचौड़ा और बीनागंज क्षेत्र में भी बादलों की गर्जना के साथ अच्छी बौछारें पड़ीं। यहाँ निचले इलाकों में सड़कों पर पानी बहता नजर आया। इस पहली बारिश से कृषि प्रधान क्षेत्र चांचौड़ा के किसानों में आगामी खरीफ सीजन को लेकर उम्मीदें जाग गई हैं।

**आरोन:** आरोन अंचल में सोमवार दोपहर को अचानक मौसम बदला और घने बादलों के बीच झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ। आंधी और बारिश के इस गठजोड़ ने पिछले कई दिनों से तवे की तरह तप रहे इस क्षेत्र को पूरी तरह ठंडा कर दिया है।



## पुलिस रोकने की तैयारी में थी, कांग्रेस ने पुतला ही नहीं जलाया

**गुना। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गुना के हनुमान चौराहे पर विशाल विरोध-प्रदर्शन किया।**

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुतला दहन की आशंका के चलते जिला प्रशासन द्वारा मौके पर फायर ब्रिगेड और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। संभवत: प्रशासन को अंदेशा था कि आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सकते हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री को ऐसी अभद्र भाषा शोभा नहीं देती। कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा की पार्टी है और व्यवहार में हमेशा संयम रखती है, ऐसी ही अपेक्षा सत्ताधारी दल से भी की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समय प्रदेश की जनता महंगाई और बिजली कटौती जैसी गंभीर समस्याओं से परेशान है और सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री ने अपने अमर्यादित आचरण के लिए जीतू पटवारी से तत्काल माफी नहीं मांगी, तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## एक नजर में

### मृगवास पुलिस ने दबोचे विदिशा के दो तस्कर

**मृगवास।** एसडीओपी मनोज कुमार झा के मार्गदर्शन में मृगवास थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 10 किलो से अधिक अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 31 मई की रात मृगवास थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विदिशा जिले के दो युवक बाइक पर गांजा लेकर बड़ौद-आंकखेड़ी के रास्ते राजस्थान की ओर जाने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सानई चौकी पुलिस टीम ने ग्राम बड़ौद में आंकखेड़ी रोड स्थित फीडर के पास घात लगाई। कुछ ही देर में मुखबिर के बताए हुलिए के संदिग्ध आते दिखे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम चंद्रेश गुर्जर (21) और संतोष गुर्जर (21), दोनों निवासी ग्राम कंचनपुरा (विदिशा) बताए। तलाशी लेने पर उनके थैले से 10 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

### म्याना में व्यापारी के गोदाम में भीषण आग

**गुना।** म्याना में बीती रात थाना परिसर के ठीक सामने एक गल्ला व्यापारी के गोदाम में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इस घटना में गोदाम के भीतर रखा करीब 12 से 15 लाख रुपए का अनाज और अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में एक बार फिर फायर ब्रिगेड की स्थानीय उपलब्धता न होने की कमी शिद्दत से महसूस की गई। जानकारी सामने आई है कि म्याना थाने के सामने मंडी व्यापारी कबीरउद्दीन का गोदाम है, जहां वे मंडी से खरीदा हुआ गल्ला स्टॉक करते हैं। पड़ोसियों की नजर जैसे ही आग पर पड़ी, उन्होंने तुरंत शोर मचाया और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। चूंकि घटना थाने के बिल्कुल सामने हुई थी, म्याना पुलिस प्रशासन भी तुरंत मौके पर पहुंच गया।

## अवैध शराब निर्माण पर गुना पुलिस का करारा प्रहार, मुरादपुर में 105 लीटर शराब जब्त

**नवभारत न्यूज**

**गुना 1 जून का। गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में जिले में नशे के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम मुरादपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध शराब निर्माण के अड्डों को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया है।**

पुलिस को मुरादपुर में पारदी समुदाय के कुछ लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध हाथभट्टी शराब बनाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए 31 मई की शाम धरनावदा पुलिस की टीम ने मुरादपुर में पारदियों के डेरों पर अचानक दबिश दी। इस दौरान सघन सर्चिंग में पुलिस को ड्रमों में भरा हुआ करीब 5 हजार लीटर लहान, शराब बनाने की भट्टियां और भारी मात्रा में अन्य सामग्री मिली।

इसके अलावा मौके से 105 लीटर बनी हुई कच्ची शराब भी बरामद की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर ही करीब 5 लाख रुपये मूल्य के 5 हजार लीटर लहान और भट्टियों को विधिवत नष्ट कर दिया। वहीं, 105 लीटर अवैध कच्ची शराब को जब्त कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस की इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में धरनावदा थाना में पदस्थ प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा, झागर चौकी प्रभारी अनिल कदम और उनकी टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।





## जनगणना 2027 में तहसील कुंभराज जिलेभर में दूसरे स्थान पर

**कुंभराज।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के कार्य में तहसील कुंभराज ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्कृष्ट कार्यशैली और बेहतर प्रबंधन का प्रदर्शन करते हुए कुंभराज तहसील ने पूरे गुना जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला प्रशासन, गुना द्वारा तहसील कुंभराज की पूरी जनगणना टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में टीम के सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। अधिकारियों ने इस सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह परिणाम पूरी जनगणना टीम के समर्पण, कड़े अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

## इंदौर की घटना से सबक ले जलप्रकोष्ठ और नगरपालिका

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** शहर के वार्ड 17 और 18 में पिछले दो-तीन दिनों से नलों के माध्यम से मटमैला और बदबूदार पानी सप्लाई होने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सप्लाई का पानी पीने तो दूर, नहाने लायक भी नहीं बचा है। हालांकि, बीते दिनों पाइपलाइन फूटने के कारण गंदा पानी आना स्वाभाविक था, लेकिन जनस्वास्थ्य को देखते हुए पीएचई को किसी अन्य जगह से पाइप खोलकर ओवरफ्लो के जरिए गंदा पानी बाहर निकालना चाहिए था ताकि घरों तक साफ पानी पहुँचता। विभाग की इस लापरवाही के चलते रहवासियों के घरों में पहले से स्टोर किया हुआ साफ पानी भी दूषित हो गया और जब तक साफ पानी की सप्लाई शुरू हुई, तब तक नलों का समय पूरा हो चुका था। हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से 200 से अधिक लोग बीमार हो गए थे और दो बच्चों की जान चली गई थी।



उस गंभीर हादसे से सबक लेते हुए गुना जलप्रकोष्ठ को समय रहते सचेत होना होगा, वरना यहाँ भी हालात बिगड़ सकते हैं। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग के साथ ही डॉक्टरों ने नागरिकों से अपील की है कि जब तक पूरी तरह साफ पानी न आए, तब तक पानी को कम से कम 10 मिनट उबालकर और छानकर ही पिएं।

## राघौगढ़ के व्योम ने छुआ सफलता का आकाश, जेईई एडवांस में हासिल की अखिल भारतीय स्तर पर 459वीं रैंक



**राघौगढ़।** राघौगढ़ और पूरे गुना जिले का नाम रोशन करते हुए व्योम नीखरा ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में से एक 'जेईई एडवांस' में शानदार सफलता हासिल की है। व्योम ने अखिल भारतीय स्तर पर 459वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। व्योम, राघौगढ़ में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पदस्थ एसडीओ सुधींद्रनाथ नीखरा के सुपुत्र और गुना के प्रख्यात समाजसेवी इंजीनियर डी.एन. नीखरा के भतीजे हैं। जेईई एडवांस में इस ऐतिहासिक सफलता से पहले व्योम ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में भी 94 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया था। व्योम की इस असाधारण और गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उनके परिवार के सदस्यों, इष्टमित्रों, शुभचिंतकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मुनिश्री सुधासागरजी महाराज की ऐतिहासिक अगवानी की तैयारियां तेज

**गुना।** आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के गुना आगमन और आगामी पंचकल्याणक महामहोत्सव को लेकर पूरे शहर में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। मुनिसंघ की गुना शहर में 3 जून को ऐतिहासिक और भव्य मंगल अगवानी (नगर प्रवेश) होने जा रही है, जिसे लेकर समाज के साथ-साथ नगरपालिका प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है।

मुनिसंघ ने सोमवार को शाढ़ौरा से पैदल विहार किया और शाम को सिंध फिल्टर प्लांट पहुँचे। यहाँ देर शाम शंका समाधान सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को मुनिसंघ की आहारचर्या पगारा या उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में होगी। धार्मिक आयोजन और मुनिसंघ के विहार मार्ग को सुगम बनाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष के निर्देश पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। गत रात नपा द्वारा बड़ी मशीनों के माध्यम से सीमेंट कांक्रीट से हाट रोड के पेंच रिपेयर कराने का कार्य युद्धस्तर पर कराया गया। इस कार्य का देर रात खुद नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने मौका मुआयना किया। इस दौरान उनके साथ इंजीनियर सुनील कुमार जैन और नपा कर्मचारी शकील खान मुख्य रूप से मौजूद रहे। सिंध फिल्टर प्लांट पर भी नपा अमले ने मुनिसंघ के प्रवास को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं संभालीं।



**3 जून को निकलेगा ऐतिहासिक जुलूस**

बज्रंगगढ़ जैन कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर एस.के. जैन एवं महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि मुनिश्री का गुना की ओर निरंतर पैदल विहार हो रहा है। संभवत: 3 जून को प्रात:काल केंट क्षेत्र से मुनिसंघ की भव्य अगवानी की जाएगी। केंट गुना से प्रारंभ होने वाला यह विशाल और ऐतिहासिक जुलूस हनुमान चौराहा, मुनिसुब्रतनाथ जिनालय, हाट रोड, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा और बजरंगगढ़ रोड होते हुए ऋषभोदय नसिया जी पहुँचेगा। 17 जून से शुरू होने वाले इस पंचकल्याणक महामहोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन मुनिश्री के पावन सानिध्य में 7 जून को ऋषभोदय नसिया जी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में किया जाएगा।

सामूहिक भक्तामर पाठ और प्रभातफेरियों से धर्ममय हुआ नगर महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार रात्रि को सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा नसिया जी प्रांगण में सामूहिक भक्तामर पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। इसके साथ ही, नगर में धर्म प्रभावना बढ़ाने के लिए जैन समाज द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे भजनों के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही है। सोमवार को प्रभातफेरी पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुँची। वहीं, मंगलवार को सुबह यह प्रभातफेरी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौधरी मोहल्ला से प्रारंभ होकर आसमानी माता मंदिर, निचला बाजार, सदर बाजार और नई सड़क होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न होगी। प्रभातफेरियों से पूरा गुना नगर इस समय भक्ति के रंग में सराबोर नजर आ रहा है।

**विदाई** एसपी हितिका वासल ने भावभीनी विदाई देकर सराहा सेवाकाल

# गुना पुलिस विभाग से तीन पुलिसकर्मी ससम्मान सेवानिवृत्त

**गुना।** पुलिस विभाग में अपनी लंबी और सराहनीय सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिस अधिकारियों को सोमवार को गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा उनके परिजनों की उपस्थिति में ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी विदाई समारोह के दौरान विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, प्रधान आरक्षक लालाराम प्रजापति एवं प्रधान आरक्षक फूल सिंह तोमर का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक के साथ डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दकी, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, पीएस टू एसपी निरीक्षक अनिल साहू, निरीक्षक विकास उपाध्याय और मुख्य लिपिक सउनि(अ) अमित मौर्य सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों के उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जिम्मेदाराना सेवाकाल की मुक्तकंठ से सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसी क्रम में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों ने सेवानिवृत्त साथियों को पुष्प मालाएं और बुके पहनाकर विदाई दी, वहीं एसपी हितिका वासल ने उन्हें सूटकेश, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न (शील्ड) एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता एक-एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया। विदाई की इस बेला में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने संबोधन में सेवाकाल के दौरान मिले पूर्ण सहयोग और समर्थन के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों व सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा साथ मिलकर किए गए कार्यों को अपने जीवन का यादगार पल बताते हुए भावनात्मक उद्गार व्यक्त किए।





## पुलिस ने तस्कर को दबोचा, सवा किलो गांजा जब्त

**गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चांचौड़ा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा किलो के करीब अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार, 31 मई की शाम चांचौड़ा थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इसी दौरान सीताबावड़ी मंदिर के रास्ते पर एक बाइक का चालक पुलिस को देखकर हड़बड़ा गया और वाहन मोड़कर भागने लगा। संदेह होने पर घेराबंदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामस्वरूप मीना (48), निवासी ग्राम मांडाखेड़ा (कुंभराज) बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके गमछे की पोटली से 1.19 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजे सहित 50 हजार रुपये कीमत की बाइक जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस सराहनीय कार्रवाई में चांचौड़ा थाना प्रभारी नीरज राणा और उनकी टीम की विशेष भूमिका रही।

## दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए आसान हुई कलेक्ट्रेट की राह



**गुना।** कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगों और आमजन की सुविधा के लिए एक बेहतरीन पहल की गई है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर परिसर में नवनिर्मित आधुनिक रैंप को 1 जून से आधिकारिक तौर पर आम जनता के उपयोग के लिए शुरू कर दिया गया है। इस रैंप के चालू होने से अब शारीरिक रूप से अक्षम और वृद्धजनों को कार्यालयों तक पहुँचने में काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीती 10 मई को गुना दौरे के दौरान दशहरा मैदान से वर्चुअली इस रैंप का लोकार्पण कर जिले को यह बड़ी सौगात दी थी। कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर कार्यालय के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता, खनिज और जनसंपर्क सहित कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय संचालित होते हैं। इन दफ्तरों में अपने काम के लिए आने वाले लोगों को अब तक सीढ़ियों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। आमजन को मौसम की मार से बचाने के लिए इस पूरे रैंप के ऊपर शेड भी लगाया गया है, ताकि तेज धूप और बारिश के दौरान भी लोग सुरक्षित आ-जा सकें। इस सुविधा के शुरू होने से कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला गुना (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0008/स-149/2026-27

**(विज्ञप्ति)**

आवेदकगण सोनू केवट (विधुर) पुत्र श्री हरिचरण केवट (आयु 33 वर्ष) निवासी ग्राम कमरपुरा (पाटई) वार्ड क्र. 11 तहसील राधौगढ़ जिला गुना म.प्र. एवं रचना बाई मांझी (विधवा) पुत्री श्री बालकिशन केवट (आयु 27 वर्ष) निवासी ग्राम सिंगराना तहसील नईसराय जिला अशोकनगर म.प्र. द्वारा आधार कार्ड, शपथ पत्र तथा उचित शीर्ष में 100 रुपये का चालान आदि दस्तावेज पेश कर मय साक्षियों सहित विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह कराये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा आपत्ति हो तो वह इस संबंध में दिनांक 09.06.2026 तक अपनी आपत्ति अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला गुना के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रात: 10:00 बजे से 06:00 बजे तक दर्ज करा सकते है। नियत दिवस व्यतीत होने पर किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

**(अखिलेश कुमार जैन)**
**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला गुना म0प्र0**